डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा

(पूर्ववर्ती : आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

महोदय / महोदया,

आपको अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत निःशुल्क टेबलेट / स्मार्टफोन वितरण के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा उक्त योजना के तहत डिजीशक्ति पोर्टल पर महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र / छात्राओं का डाटा अपलोड किया जाता है। डिजीशक्ति पोर्टल पर महाविद्यालय द्वारा अपलोड डाटा को विश्वविधालय स्तर से अग्रसारित करना होता है। विश्वविद्यालय स्तर से अग्रसारित से पूर्व महाविद्यालय यह सुनिश्चित कर लें, जिन छात्र / छात्राओं का डेटा पोर्टल पर अपलोड किया गया है ऐसे समस्त छात्र / छात्रायें महाविद्यालय में अध्यनरत हो एवं विश्वविद्यालय से नामांकन संख्या प्राप्त कर अपलोड किये गये हो, कोई अपात्र छात्र / छात्रायें पोर्टल पर अपलोड नही होना चाहिये। यदि किसी अपात्र छात्र / छात्राओं को पोर्टल पर अपलोड कर सरकारी योजना का लाभ दिलवाया जाता है तब सम्बन्धित महाविद्यालय पूर्ण रूप से किसी भी कार्यवाही के लिये स्वयं जिम्मेदार होगा। उक्त का पालन कडाई से महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या स्वयं करें।

अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित

नोडल अधिकारी 07/04/26 — कुलसचिव

प्रतिलिपिः—

(1) प्रोजेक्ट मैनेजर, यू0पी0 डेस्को, लखनऊ।
(2) कार्यालय अधीक्षक, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
(3) ऐजेन्सी—2024 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लोगिन आई0डी0 पर आज ही अपलोड किया जाये।